Australian Government
Department of Health

# तम्बाकू सादी पैकेजिंग

## आपकी निर्देशिका – अनुपूरक गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पाद



**आईएसबीएन 978-1-74186-147-1**

**ऑनलाइन आईएसबीएन: 978-1-74186-148-8**

**कॉपीराइट नोटिस**

इस प्रकाशन में निहित सामग्री कॉपीराइट है। *कॉपीराइट अधिनियम 1968* के अधीन अनुमति-प्राप्त किसी उपयोग के अलावा कोई भी अंश कॉमनवेल्थ (राष्ट्रमंडल) से उचित लिखित अनुमति के बिना किसी भी प्रक्रिया द्वारा पुनर्प्रकाशित नहीं किया जा सकता है।



इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# अस्वीकरण

**यह पुस्तिका तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी की सभी आवश्यकताओं को वर्णित या अंकीकृत नहीं करती है। इस पुस्तिका में जिन आवश्यकताओं को अंकीकृत या प्रदर्शित नहीं किया गया है, वे प्रदर्शित या अंकीकृत आवश्यकताओं से किसी भी तरह से कम महत्वपूर्ण नहीं हैं।**

यह पुस्तिका कानूनी सलाह प्रदान नहीं करती है और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए।

यह केवल एक सामान्य निर्देशिका के रूप में उपलब्ध कराई गई है और इसके पूरी तरह से व्यापक होने का कोई उद्देश्य नहीं है। यह प्रासंगिक कानून और नियमों की सभी आवश्यकताओं को शामिल करती है। स्थान और अवरचना की सीमाओं के कारण इस पुस्तिका में प्रदर्शित चित्र पैमाने के अनुरूप नहीं हैं और इनका उद्देश्य तम्बाकू आपूर्तिकर्ताओं को केवल एक सामान्य मार्गदर्शन प्रदान करना है। इसलिए, इस पुस्तक को पढ़ने वाले किसी भी व्यक्ति को अपने खुद के फैसले पर भरोसा करना चाहिए और प्रासंगिक पेशेवर सलाह लेने सहित अपनी स्वयँ की पूछताछ करनी चाहिए।

तम्बाकू उत्पादों के सभी निर्माताओं, पैकेजकर्ताओं और आपूर्तिकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे तम्बाकू सादी पैकेजिंग अधिनियम 2011, तम्बाकू सादी पैकेजिंग विनियम 2011, और प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता (तम्बाकू) सूचना मानक 2011 में निहित सभी आवश्यकताओं को समझते हैं।

इस पुस्तिका में से किसी भी सामग्री को तम्बाकू सादी पैकेजिंग अधिनियम 2011, तम्बाकू सादी पैकेजिंग विनियम 2011, और प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता (तम्बाकू) सूचना मानक 2011 के स्थान पर नहीं लिया जाना चाहिए।

इस संपूर्ण पुस्तिका में तम्बाकू सादी पैकेजिंग अधिनियम 2011 को 'अधिनियम' के नाम से, तम्बाकू सादी पैकेजिंग विनियम 2011 को 'विनियम' के नाम से, और प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता (तम्बाकू) सूचना मानक 2011 को 'मानक' के नाम से संबोधित किया गया है।

संपूर्ण तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के लिए कानून देखें।

लिंक नीचे दिए गए हैं:

## तम्बाकू सादी पैकेजिंग

*तम्बाकू सादी पैकेजिंग अधिनियम 2011*
http://www.comlaw.gov.au/Details/C2013C00190

*तम्बाकू सादी पैकेजिंग विनियम 2011*
http://www.comlaw.gov.au/Details/F2013C00801

## तम्बाकू स्वास्थ्य चेतावनी

*प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता (तम्बाकू) सूचना मानक 2011*
http://www.comlaw.gov.au/Details/F2013C00598

# विषय-सामग्री


अस्वीकरण ....3

पुस्तिका का उद्देश्य ....5

आपके दायित्वों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी ....5

खुली पत्तियों का तम्बाकू ....6

खुली पत्तियों का तम्बाकू पाउच – पीछे ....6

खुली पत्तियों का तम्बाकू टिन (छोटा सिलेंडर) – सामने ....7

सिगार के लिए आवश्यकताएँ ....8

सिगार ....8

सिगार ट्यूब ....9

सिगार बैग – सामने ....10

सिगार बैग – पीछे ....11

सिगार बॉक्स – सामने ....12

सिगार टिन (वर्ग) – सामने ....13

शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पाद ....14

पन्नी में शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू – सामने ....14

पन्नी में शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू – पीछे ....15

शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू बॉक्स – सामने ....16

शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू बॉक्स – पीछे ....17

शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू टिन (बड़ा सिलेंडर) – सामने ....18

महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ ....20

शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पाद पैकेजिंग ....20

अन्य शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पाद पैकेजिंग प्रारूप जो इस पुस्तिका में प्रदर्शित नहीं किए गए हैं ....20

गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पाद खुदरा पैकेजिंग पर चिपकने वाले लेबल का उपयोग ....21

स्वास्थ्य चेतावनियों को बारी-बारी से बदलना ....22

और अधिक जानकारी ....23




इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# पुस्तिका का उद्देश्य

इस पुस्तिका का उपयोग गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पादों के लिए कुछ महत्वपूर्ण सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं की पहचान करने में आपकी सहायता करने के लिए एक निर्देशिका के रूप में किया जा सकता है।

यह पुस्तिका तम्बाकू सादी पैकेजिंग – आपकी निर्देशिका की अनुपूरक है और इसका उद्देश्य इस पुस्तिका तथा सिगार और शीशा और सीरा तम्बाकू उत्पादों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवालों जैसी अन्य सामग्री के साथ एक संयोजित रूप में इसका इस्तेमाल किया जाना है। ये सभी संसाधन वेबसाइट www.health.gov.au/tobaccopp. पर उपलब्ध हैं। इस वेबसाइट पर मौजूद सामग्री कई भाषाओं में उपलब्ध है।

इस पुस्तिका में दिए गए चित्र गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पादों और पैकेजिंग प्रारूपों के लिए विभिन्न सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनियों के स्वरूपों हेतु एक दृश्य निर्देशिका हैं; परंतु, कुछ तम्बाकू उत्पादों के लिए वैकल्पिक पैकेजिंग प्रारूप उपलब्ध हो सकते हैं।

यह पुस्तिका ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वारा केवल एक निर्देशिका के रूप में उपलब्ध कराई गई है।

## आपके दायित्वों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी

1 दिसंबर 2012 के बाद से उन **सभी** तम्बाकू उत्पादों को, जिनकी ऑस्ट्रेलिया में बिक्री की जाती है या बिक्री के लिए प्रस्तुत किया जाता है, या अन्यथा आपूर्ति की जाती है, उन्हें सादी पैकेजिंग में होना चाहिए और उन्हें अद्यतन व विस्तृत स्वास्थ्य चेतावनियों से अंकित किया जाना चाहिए।

ऑस्ट्रेलिया में बिक्री के लिए लक्षित तम्बाकू उत्पादों के निर्माताओं/आयातकों/आपूर्तिकर्ताओं को अधिनियम और नियमों के अनुरूप खुदरा पैकेजिंग के लिए व्यवस्था करने की ज़रूरत है। गैर-अनुवर्ती पैकेजिंग में आयात किए जाने वाले तम्बाकू उत्पादों को ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने, बेचने के लिए प्रस्तुत किए जाने या अन्यथा आपूर्ति किए जाने (चाहे थोक में या खुदरा बिक्री) से पहले अनुवर्ती खुदरा पैकेजिंग में फिर से पैक करने की ज़रूरत होगी।

तम्बाकू सादी पैकेजिंग आवश्यकताएँ ऑस्ट्रेलिया में तम्बाकू उत्पादों की **किसी भी** आपूर्ति के लिए लागू होती हैं – न सिर्फ खुदरा बिक्री के लिए।

सभी तम्बाकू उत्पादों की खुदरा पैकेजिंग का **उद्देश्यपूर्वक-निर्माण** किया जाना चाहिए जिससे कि वह सादी पैकेजिंग आवश्यकताओं के अनुवर्ती हो। गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पादों की गैर-अनुवर्ती पैकेजिंग को आवश्यक बादामी गहरे भूरे रंग के चिपकने वाले पदार्थ के साथ कवर ('ओवरस्टिकरिंग') करने की अनुमति नहीं है। हालाँकि तम्बाकू सादी पैकेजिंग आवश्यकताओं के अनुपालन के एक तरीके के रूप में 'ओवरस्टिकरिंग' स्वीकार्य नहीं है, फिर भी सीमित परिस्थितियों में चिपकने वाले लेबल या बैंड्स का इस्तेमाल किया जा सकता है (गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पाद पैकेजिंग के लिए चिपकने वाले लेबल के उपयोग के बारे में और अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 21 देखें)।

ऑस्ट्रेलिया में अधिनियम या विनियमों का अनुपालन न करने वाले तम्बाकू उत्पादों को खरीदने, बेचने के लिए प्रस्तुत करने, बेचने या अन्यथा आपूर्ति करने वाले किसी भी व्यक्ति को गंभीर आपराधिक या नागरिक दंडों का सामना करना पड़ सकता है। सितंबर 2014 से, अधिनियम के तहत एक दोष-आधारित अपराध हेतु किसी व्यक्ति-विशेष के लिए अधिकतम जुर्माना 2,000 जुर्माना इकाइयाँ या $340,000 है, और किसी निगम के लिए 10,000 जुर्माना इकाइयाँ या $1.7 मिलियन ($17 लाख) है।

मानक में निर्धारित स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के उल्लंघनों के लिए व्यक्ति-विशेष के लिए $220,000 और निगम के लिए $1.1 मिलियन ($11 लाख) के अलग दंड लागू होते हैं।

निर्माताओं/आयातकों/आपूर्तिकर्ताओं को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वे ऑस्ट्रेलिया में बिक्री के उद्देश्य वाले उत्पादों की पैकेजिंग के लिए अन्य विधायी आवश्यकताओं के बारे में अवगत रहें, जैसेकि *राष्ट्रीय मापन अधिनियम 1960, राष्ट्रीय व्यापार मापन विनियम 2009, वाणिज्य (व्यापार विवरण) अधिनियम 1905, और वाणिज्य (आयात) विनियम 1940.*

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# खुली पत्तियों का तम्बाकू

## खुली पत्तियों का तम्बाकू पाउच – पीछे

**‘रोलिंग’ या ‘रोल-यॉर-ओन’ (आरवाईओ) तम्बाकू, पाइप तम्बाकू और शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू।**

### पाउच प्रारूप और सतहें:

- बाहरी सतह का रंग पैनटोन 448सी (एक बादामी रंग का गहरा भूरा) है
- भीतरी सतह सफेद है, या पैकेजिंग सामग्री का अपनी प्राकृतिक अवस्था में रंग
- मैट्ट फिनिश
- कोई अलंकरण नहीं

### पुनः सील किए जाने वाला टैब:

- पैनटोन 448सी रंग का, या काला होना चाहिए, या पारदर्शी और रंगहीन होना चाहिए
- स्वास्थ्य चेतावनी सहित विधायी आवश्यकताओं को अस्पष्ट नहीं करता होना चाहिए

### चेतावनी वक्तव्य, चित्र और व्याख्यात्मक संदेश:

- पीछे की सतह को कम से कम 75% कवर करता होना चाहिए
- पीछे की सतह के ऊपर और बगल के किनारों तक फैला हुआ होना चाहिए
- दोनों के बीच बिना खाली स्थान के जुड़ा हुआ होना चाहिए

### सूचना संदेश:

- कम से कम 80मिमी X 25मिमी होना चाहिए
- फ्लैप के नीचे की सतह के केंद्र में, या सील किए गए भीतरी पाउच के शीर्ष किनारे के अधिक से अधिक निकट फ्लैप के नीचे की सतह के केंद्र में
- काले रंग का पाठ, निर्दिष्ट फ़ॉन्ट, आकार, बड़े अक्षरों और भार में, पीले रंग की पृष्ठभूमि पर




### अन्य निशान:

- नाम और पता, विनिर्माण देश, संपर्क नंबर, अक्षरांकीय कोड
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- आकार में 10 अंकों से बड़ा नहीं
- निर्दिष्ट रंगों में

### ब्रांड और रूपांतर नाम:

- निर्दिष्ट बड़े अक्षरों में, अधिकतम आकारों से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में

### मापन निशान:

- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में

### ध्यान दें:

पाउच के लिए नीचे का फ्लैप, यानि वह सतह जो तम्बाकू के साथ संपर्क में नहीं है, एक बाहरी सतह होती है और पैनटोन 448सी (एक बादामी गहरे भूरे रंग) की **होनी चाहिए**।

### ध्यान दें:

पैकेजिंग पर चिपकने वाले लेबल का इस्तेमाल निम्नलिखित प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है:

- ब्रांड और रूपांतर नाम
- चित्र वाली स्वास्थ्य चेतावनियाँ

चिपकने वाले लेबल की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 21 देखें।


इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयं की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# खुली पत्तियों का तम्बाकू टिन (छोटा सिलेंडर) – सामने


**‘रोलिंग’ या ‘रोल-यॉर-ओन’ (आरवाईओ) तम्बाकू, पाइप तम्बाकू और शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू।**

### मापन निशान:

- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में

### चेतावनी वक्तव्य और चित्र:

- सामने की सतह के कम से कम 60% को कवर करना चाहिए
- एक आयताकार लेआउट में (जैसा प्रदर्शित है)
- दोनों के बीच बिना किसी खाली स्थान के जुड़ा हुआ होना चाहिए
- मानक के अनुसार बारी-बारी से बदला जाना चाहिए – पृष्ठ 22 देखें




### ब्रांड और रूपांतर नाम:

- स्वास्थ्य चेतावनी के समान अभिविन्यास में, और उससे ऊपर नहीं
- अधिकतम आकार से बड़ा नहीं, निर्दिष्ट बड़े अक्षरों में,
- ल्यूसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में

### टिन प्रारूप और सतहें:

- बाहरी सतह का रंग पैनटोन 448सी (एक बादामी रंग का गहरा भूरा) है
- भीतरी सतह सफेद है, या पैकेजिंग सामग्री का अपनी प्राकृतिक अवस्था में रंग
- मैट्ट फिनिश
- कोई अलंकरण नहीं

### अन्य निशान:

- नाम और पता, विनिर्माण देश, संपर्क नंबर, अक्षरांकीय कोड
- निशानों को संख्या, रंग, फ़ॉन्ट, आकार और स्थिति के मानकों को पूरा करना चाहिए

### ध्यान दें:

स्वास्थ्य चेतावनी आकार और लेआउट आवश्यकताएँ वर्ग या आयताकार कंटेनर में खुली पत्ती के तम्बाकू और/या शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू के लिए और कम से कम 41मिमी की ऊंचाई वाली बड़ी बेलनाकार पैकेजिंग के लिए भिन्न-भिन्न होती हैं। बड़े सिलेंडर के एक उदाहरण के लिए पृष्ठ 18 देखें।

इस प्रकार के कंटेनरों के लिए स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी मानक में विस्तृत रूप से दी गई है।

### ध्यान दें:

चिपकने वाले लेबलों का पैकेजिंग पर प्रयोग निम्नलिखित प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है:

- ब्रांड और रूपांतर नाम
- चित्र वाली स्वास्थ्य चेतावनियाँ

चिपकने वाले लेबल की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 21 देखें।

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयं की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# सिगार के लिए आवश्यकताएँ

## सिगार

**ध्यान दें:**

गैर-अनुवर्ती (ब्रांडेड) सिगार बैंड (बैंड्स) को **हटा दिया जाना चाहिए** या केवल **एक** चिपकने वाले बैंड से **कवर किया जाना चाहिए**।

यदि एक सादी पैकेजिंग वाला बैंड एक गैर-अनुवर्ती बैंड या बैंड्स को कवर करता है, तो इसे:

- **पूरी तरह से** गैर-अनुवर्ती बैंड (बैंड्स) को कवर **करना चाहिए**, और
- यह जिस बैंड को कवर करता है, उसपर मजबूती से चिपकाया गया **होना चाहिए** और आसानी से हटाने योग्य नहीं **होना चाहिए**।

**ध्यान दें:**

हाथ से लिखे लेबलों की अनुमति **नहीं** है।

**अनुमत निशान:**

- ब्रांड और रूपांतर नाम, विनिर्माण देश, अक्षरांकीय कोड और कवर किए गए निशान
- सँख्या, रंग, फ़ॉन्ट, आकार और स्थिति के मानकों को पूरा करना चाहिए

**सिगार बैंड:**

- एक सिगार पर **केवल एक ही बैंड** दिखाई दे सकता है
- रंग पैनटोन 448सी (एक बादामी गहरा भूरा रंग) है




**आवरण:**

- पारदर्शी होना चाहिए
- किसी भी तरह से रंग वाला, चिह्नित, बनावट वाला या अलंकृत नहीं होना चाहिए
- विनियम द्वारा अनुमत निशानों के अलावा अन्य कोई व्यापार चिह्न या कोई निशान नहीं होना चाहिए

**फाड़ने वाली पट्टी:**

- या तो पूरी तरह से काले रंग की, या पूरी तरह से पारदर्शी और रंगहीन होनी चाहिए
- परिधि के चारों ओर 3 मिमी से अधिक चौड़ी नहीं होनी चाहिए, लगातार चौड़ाई की एक निरंतर सीधी रेखा बनानी चाहिए
- पारदर्शी फाड़ने वाली पट्टी में 15 मिमी से कम लंबी एक ठोस काली रेखा शामिल हो सकती है जो यह इंगित करती हो कि फाड़ने वाली पट्टी कहाँ शुरू होती है

**ध्यान दें:**

एक-एक करके बेचे जाने वाले सिगारों को बिक्री से पहले, बिक्री के लिए प्रस्तुत करने से पहले या अन्यथा उत्पाद की आपूर्ति करने से **पहले उन्हें अनुवर्ती खुदरा पैकेजिंग में पैक किया जाना चाहिए।**

- किसी सिगार को पैकेजिंग के बिना ('नग्न') या सादी पैकेजिंग (एक **अनुवर्ती** बैंड सहित) के रूप में देखा जा सकता है।
- परंतु सिगार को *बिक्री से पहले* एक स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शित करते हुए अनुवर्ती पैकेजिंग में रखा **जाना चाहिए**।
  - सिगार को खुदरा पैकेजिंग की कम से कम एक ऐसी परत द्वारा अवश्य कवर किया जाना चाहिए जो प्लास्टिक या अन्य आवरण न हो।
  - सिगार को अधिनियम, विनियम और मानक के अनुरूपी एक अनुवर्ती सिगार बैग, सिगार ट्यूब या अन्य पैकेजिंग में डाला जा सकता है।

अनुवर्ती सादे रूप से पैकेज किए गए सिगार बैग या अन्य अनुवर्ती पैकेजिंग में रखे गए ब्रांडेड सिगार और/या ब्रांडेड सिगार ट्यूब की आपूर्ति करने की अनुमति **नहीं** है।

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# सिगार ट्यूब

**ध्यान दें:**

पारदर्शी/स्पष्ट प्लास्टिक ट्यूबों और नग्न धातु ट्यूबों की अनुमति नहीं है।

### स्वास्थ्य चेतावनी को:

- पांच विशेष सिगार चेतावनी वक्तव्यों में से एक होना चाहिए
- कुल लंबाई के कम से कम 95% को कवर करता होना चाहिए
- परिधि के कम से कम 60% तक फैला हुआ होना चाहिए
- ट्यूब खोलने पर तोड़ा जा सकता है




### ट्यूब का प्रारूप:


- बेलनाकार और कठोर
- एक या दोनों छोर टेपर्ड या गोलाकार हो सकते हैं
- कोई अलंकरण नहीं

### सिगार ट्यूब की खुली हुई तरफ को:

- व्यास में कम से कम 15 मिमी होना चाहिए

### ट्यूब की सतहें:

- बाहरी सतह का रंग पैनटोन 448सी (एक बादामी रंग का गहरा भूरा) है
- भीतरी सतह सफेद है, या पैकेजिंग सामग्री का अपनी प्राकृतिक अवस्था में रंग
- मैट्ट फिनिश




### अन्य निशान:

- ब्रांड और रूपांतर नाम, नाम और पता, विनिर्माण देश, संपर्क नंबर, अक्षरांकीय कोड, बार कोड
- निशानों को सँख्या, रंग, फ़ॉन्ट, आकार और स्थिति के मानकों को पूरा करना चाहिए

### मापन निशान:

- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में

**ध्यान दें:**

चिपकने वाले लेबल को निम्नलिखित प्रदर्शित करने के लिए पैकेजिंग पर इस्तेमाल किया जा सकता है:

- ब्रांड और रूपांतर नाम
- स्वास्थ्य चेतावनी

चिपकने वाले लेबल की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 21 पर उपलब्ध है।

हस्तलिखित लेबल की अनुमति **नहीं** है।

**नोट: स्वास्थ्य चेतावनी को बारी-बारी से बदलना**


यदि कोई खुदरा व्यापारी/व्यक्ति खुदरा पैकेजिंग में सिगार (सिगारों) को रखता है, जिसमें अनुवर्ती पैकेजिंग में पुन: पैकेजिंग करना शामिल है, तो यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उस खुदरा व्यापारी/व्यक्ति पर होती है कि सिगार को एक सही सिगार स्वास्थ्य चेतावनी वाली पैकेजिंग में रखा गया है और बारी-बारी से बदलने की आवश्यकताओं को पूरा किया गया है।

इन आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 22 पर उपलब्ध है।

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# सिगार बैग – सामने

**ग्राहकों के लिए सिगार की आपूर्ति में इस्तेमाल करने के लिए, जैसेकि पुन: सील करने वाले/प्रेस सील करने वाले बैग।**




### न्यूनतम आकार आवश्यकताएँ:

- पैकेजिंग का सबसे बड़ा आयाम कम से कम 85मिमी होना चाहिए
- दूसरा सबसे बड़ा आयाम कम से कम 55मिमी होना चाहिए

### चेतावनी वक्तव्य और चित्र:

- पांच सिगार-विशिष्ट चित्रित स्वास्थ्य चेतावनियों में से एक होना चाहिए
- सामने की सतह के कम से कम 75% को कवर करता होना चाहिए
- सामने की सतह के ऊपर और बगल के किनारों तक फैला हुआ होना चाहिए
- दोनों के बीच खाली जगह के बिना जुड़ा हुआ होना चाहिए
- हेल्वेटिका फ़ॉन्ट में होना चाहिए

### 'क्विटलाइन' लोगो:

- चित्र के एक हिस्से के रूप में सिगार बैग के आगे की तरफ प्रकट होना चाहिए
- आंशिक रूप से पारदर्शी होना चाहिए जिससे कि इसके नीचे चित्र को देखा जा सके

### ब्रांड और रूपांतर नाम:

- निर्दिष्ट बड़े आकार के अक्षरों में अधिकतम आकार से बड़ा नहीं होना चाहिए
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- सामने और पीछे की बाहरी सतहों में से प्रत्येक सतह पर केवल एक बार ही दिखाई दे सकता है

### मापन निशान:

- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- 2 से अधिक सतहों पर प्रकट नहीं हो सकता है

### बैग के प्रारूप और सतहें:

- बाहरी सतह का रंग पैनटोन 448सी (एक बादामी रंग का गहरा भूरा) है
- भीतरी सतह सफेद है, या पैकेजिंग सामग्री का अपनी प्राकृतिक अवस्था में रंग
- मैट्ट फिनिश
- कोई अलंकरण नहीं

### ध्यान दें:

चिपकने वाले लेबल निम्नलिखित प्रदर्शित करने के लिए पैकेजिंग पर इस्तेमाल किए जा सकते हैं:

- ब्रांड और रूपांतर नाम
- चित्र वाली स्वास्थ्य चेतावनी

चिपकने वाले लेबल की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 21 पर उपलब्ध है। हस्तलिखित लेबल की अनुमति **नहीं** है।

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

## सिगार बैग – पीछे




**चेतावनी वक्तव्य और व्याख्यात्मक संदेश:**

- पांच सिगार-विशिष्ट चित्रित स्वास्थ्य चेतावनियों में से एक होना चाहिए
- पीछे की सतह के कम से कम 75% को कवर करता होना चाहिए
- सामने की सतह के ऊपर और बगल के किनारों तक फैला हुआ होना चाहिए
- दोनों के बीच खाली जगह के बिना जुड़ा हुआ होना चाहिए
- हैल्वेटिका फ़ॉन्ट में होना चाहिए
- बैग के सामने की तरफ प्रदर्शित स्वास्थ्य चेतावनी में से ही होना चाहिए

**ब्रांड और रूपांतर नाम:**

- निर्दिष्ट बड़े अक्षरों में, अधिकतम आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- सामने और पीछे की बाहरी सतहों में से प्रत्येक सतह पर केवल एक बार ही दिखाई दे सकता है

**मापन निशान:**

- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- 2 से अधिक सतहों पर प्रकट नहीं हो सकता है

**बार कोड:**

- आयताकार
- काला और सफेद, या पैनटोन 448सी और सफेद
- केवल एक बार ही दिखाई दे सकता है

**अन्य निशान:**

- नाम और पता, विनिर्माण देश, संपर्क नंबर, अक्षरांकीय कोड
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- 10 प्वाइंट से बड़े आकार में नहीं
- निर्दिष्ट रंगों में
- केवल एक बार ही दिखाई दे सकते हैं

**ध्यान दें: चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी को बारी-बारी से बदलना**

यदि कोई खुदरा व्यापारी/व्यक्ति खुदरा पैकेजिंग में सिगार (सिगारों) को रखता है, जिसमें अनुवर्ती पैकेजिंग में पुन: पैकेजिंग करना शामिल है, तो यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उस खुदरा व्यापारी/व्यक्ति पर होती है कि सिगार को एक सही सिगार स्वास्थ्य चेतावनी वाली पैकेजिंग में रखा गया है और बारी-बारी से बदलने की आवश्यकताओं को पूरा किया गया है।

इन आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 22 पर उपलब्ध है।

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# सिगार बॉक्स – सामने

### अन्य निशान:

- नाम और पता, विनिर्माण देश, संपर्क नंबर, अक्षरांकीय कोड, बार कोड
- निशानों को सँख्या, रंग, फ़ॉन्ट, आकार और स्थिति के मानकों को पूरा करना चाहिए

### बॉक्स प्रारूप और सतहें (जिनमें हिंज और क्लैस्प शामिल हैं):

- बाहरी सतह का रंग पैनटोन 448सी (एक बादामी रंग का गहरा भूरा) है
- भीतरी सतह सफेद है, या पैकेजिंग सामग्री का अपनी प्राकृतिक अवस्था में रंग
- मैट्ट फिनिश
- कोई अलंकरण नहीं

### ब्रांड और रूपांतर नाम:

- स्वास्थ्य चेतावनी के समान अभिविन्यास में
- अधिकतम आकार से बड़ा नहीं, निर्दिष्ट बड़े अक्षरों में,
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी रंग में




### मापन निशान:

- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी रंग में

### चित्र और चेतावनी वक्तव्य:

- पाँच सिगार-विशिष्ट चित्रित स्वास्थ्य चेतावनियों में से एक होना चाहिए
- सामने की सतह के कम से कम 75% को कवर करता होना चाहिए
  - – अपवाद: एक बड़ी सिगार का पैकेज जिसका सामने का क्षेत्रफल 250सेमी2 या इससे अधिक हो, जिस स्थिति में स्वास्थ्य चेतावनी को कम से कम 188सेमी2 कवर करना चाहिए

सिगार के बॉक्स, टिन या बैग को **उद्देश्य के लिए बनाया गया** होना चाहिए जिससे कि वे तम्बाकू सादी पैकेजिंग आवश्यकताओं का अनुपालन करें।

बॉक्स या टिन को 'बादामी गहरे भूरे रंग' के कागज या चिपकने वाले लेबल में लपेटने या कवर करने ('ओवरस्टिकरिंग') की अनुमति **नहीं** है।

### ध्यान दें:

चिपकने वाले लेबल का प्रयोग पैकेजिंग पर निम्नलिखित प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है:

- ब्रांड और रूपांतर नाम
- चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी

चिपकने वाले लेबल की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 21 पर उपलब्ध है।

हस्तलिखित लेबल की अनुमति **नहीं** है।

### ध्यान दें: चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी को बारी-बारी से बदलना

यदि कोई खुदरा व्यापारी/व्यक्ति खुदरा पैकेजिंग में सिगार (सिगारों) को रखता है, जिसमें अनुवर्ती पैकेजिंग में पुन: पैकेजिंग करना शामिल है, तो यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उस खुदरा व्यापारी/व्यक्ति पर होती है कि सिगार को एक सही सिगार स्वास्थ्य चेतावनी वाली पैकेजिंग में रखा गया है और बारी-बारी से बदलने की आवश्यकताओं को पूरा किया गया है।

इन आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 22 पर उपलब्ध है।



इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# सिगार टिन (वर्ग) – सामने

### टिन प्रारूप और सतहें (जिनमें हिंज और क्लैस्प शामिल हैं):

- बाहरी सतह का रंग पैनटोन 448सी (एक बादामी रंग का गहरा भूरा) है
- भीतरी सतह सफेद है, या पैकेजिंग सामग्री का अपनी प्राकृतिक अवस्था में रंग
- मैट्ट फिनिश
- कोई अलंकरण नहीं

सिगार के बॉक्स, टिन या बैग को **उद्देश्य के लिए बनाया गया** होना चाहिए जिससे कि वे तम्बाकू सादी पैकेजिंग आवश्यकताओं का अनुपालन करें।

बॉक्स या टिन को 'बादामी गहरे भूरे रंग' के कागज या चिपकने वाले लेबल में लपेटने या कवर करने ('ओवरस्टिकरिंग') की अनुमति **नहीं** है।




### चित्र और चेतावनी वक्तव्य:

- पांच सिगार-विशिष्ट चित्रित स्वास्थ्य चेतावनियों में से एक होना चाहिए
- सामने की सतह के कम से कम 75% को कवर करता होना चाहिए

### ब्रांड और रूपांतर नाम:

- स्वास्थ्य चेतावनी के समान अभिविन्यास में
- अधिकतम आकार से बड़ा नहीं, निर्दिष्ट बड़े अक्षरों में
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में

### मापन निशान:

- आवश्यक आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी रंग में

### अन्य निशान: (इस चित्र में नहीं दिखाए गए हैं)

- नाम और पता, विनिर्माण देश, संपर्क नंबर, अक्षरांकीय कोड, बार कोड
- निशानों को सँख्या, रंग, फ़ॉन्ट, आकार और स्थिति के मानकों को पूरा करना चाहिए

### ध्यान दें:

पैकेजिंग पर चिपकने वाले लेबल का इस्तेमाल निम्नलिखित प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है:

- ब्रांड और रूपांतर नाम
- चित्रित स्वास्थ्य चेतावनियाँ

चिपकने वाले लेबल की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 21 पर उपलब्ध है।

हस्तलिखित लेबल की अनुमति **नहीं** है।

### ध्यान दें: चित्रित स्वास्थ्य चेतावनियों को बारी-बारी से बदलना

यदि कोई खुदरा व्यापारी/व्यक्ति खुदरा पैकेजिंग में  सिगार (सिगारों) को रखता है, जिसमें अनुवर्ती पैकेजिंग में पुन: पैकेजिंग करना शामिल है, तो यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी उस खुदरा व्यापारी/व्यक्ति पर होती है कि सिगार को एक सही सिगार स्वास्थ्य चेतावनी वाली पैकेजिंग में रखा गया है और बारी-बारी से बदलने की आवश्यकताओं को पूरा किया गया है।

इन आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 22 पर उपलब्ध है।

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयं की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पाद

**शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू में सीरा-, फल- और हर्बल- आधारित तम्बाकू उत्पाद शामिल हैं। इन उत्पादों को आम-तौर पर शीशा के नाम से जाना जाता है, परंतु इन्हें अन्य नामों से भी वर्णित किया जा सकता है जिनमें हुक्का, नर्गाइल, मासल, मुअस्सल, तुम्बक, तुन्बक और अजमी शामिल हैं।**

## पन्नी में शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू – सामने

*निम्नाँकित चित्र शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पादों की सादी पैकेजिंग के लिए संभव विकल्पों को प्रदर्शित करते हैं। परंतु शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पाद पैकेजिंग के अन्य प्रारूप भी हो सकते हैं, जैसेकि बैग, बड़े बॉक्स और वर्ग या अंडाकार टिन या टब।*

**NOTE:**

ऐसे उत्पादों को जिनमें **कोई भी** तम्बाकू मौजूद हो, उन्हें बिक्री के लिए प्रस्तुत करते समय, बेचे जाते समय या अन्यथा आपूर्ति करते समय **अनिवार्यत**: सादी पैकेजिंग में पैक किया जाना चाहिए और स्वास्थ्य चेतावनियाँ प्रदर्शित करनी चाहिए।

**चित्र और चेतावनी वक्तव्य:**

- सामने की सतह के कम से कम 75% को कवर करता होना चाहिए
- सामने की सतह के ऊपर और बगल के किनारों तक फैला हुआ होना चाहिए
- दोनों के बीच खाली जगह के बिना जुड़ा हुआ होना चाहिए
- हेल्वेटिका फ़ॉन्ट में होना चाहिए
- चित्र परिवर्तित नहीं होना चाहिए
- मानक के अनुसार बारी-बारी से बदला जाना चाहिए – पृष्ठ 22 देखें

**न्यूनतम आकार आवश्यकताएँ:**

- पैकेजिंग का सबसे बड़ा आयाम कम से कम 85मिमी होना चाहिए
- दूसरा सबसे बड़ा आयाम कम से कम 55मिमी होना चाहिए




**पन्नी की सतहें:**

- बाहरी सतह का रंग पैनटोन 448सी (एक बादामी रंग का गहरा भूरा) है
- भीतरी सतह सफेद है, या पैकेजिंग सामग्री का अपनी प्राकृतिक अवस्था में रंग
- मैट्ट फिनिश
- कोई अलंकरण नहीं

**मापन निशान:**

- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- 2 से अधिक सतहों पर प्रकट नहीं हो सकता है

**ब्रांड और रूपांतर नाम:**

- अधिकतम आकार से बड़ा नहीं, निर्दिष्ट बड़े अक्षरों में
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- सामने और पीछे की बाहरी सतहों पर केवल एक ही बार और स्वास्थ्य चेतावनी के समान अभिविन्यास में (तथा उससे ऊपर नहीं) दिखाई दे सकते हैं

**ध्यान दें:**

अनुवर्ती पन्नी पैकेजिंग को एक अन्य अनुवर्ती कंटेनर में रखा जा सकता है, जैसेकि एक बॉक्स, बैग या टिन।

- सिगार बैगों का इस्तेमाल **नहीं** किया जा सकता है क्योंकि इनके लिए आवश्यक स्वास्थ्य चेतावनियाँ सिगारों के लिए विशिष्ट चेतावनियाँ होती हैं।
- एक स्वास्थ्य चेतावनी दोनों पन्नी पैकेजों पर होनी चाहिए या ऐसे किसी कंटेनर पर होनी चाहिए जिसमें खुदरा बिक्री के पन्नी पैकेज को रखा गया है।
- पैकेजिंग की हरेक परत को आवश्यकताओं के अनुवर्ती होना चाहिए।



इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयं की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# पन्नी में शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू – पीछे


**ध्यान दें:**

खुदरा पैकेजिंग की **सभी परतों** को सादे पैक में **होना चाहिए** और उन्हें स्वास्थ्य चेतावनियाँ प्रदर्शित **करनी चाहिए।**

- खुदरा पैकेजिंग का **उद्देश्यपूर्वक-निर्माण** किया जाना **चाहिए** जिससे कि वह तम्बाकू सादी पैकेजिंग आवश्यकताओं के अनुवर्ती हो।
- यदि तम्बाकू उत्पाद पहले से ही अनुवर्ती पैकेजिंग में नहीं है, तो इसे गैर-अनुवर्ती पैकेजिंग से बाहर निकाला **जाना** चाहिए और अनुवर्ती पैकेजिंग में फिर से पैक किया **जाना** चाहिए।

**चेतावनी वक्तव्य और व्याख्यात्मक संदेश:**

- पीछे की सतह को कम से कम 75% कवर करता होना चाहिए
- पीछे की सतह के ऊपर और बगल के किनारों तक फैला हुआ होना चाहिए
- दोनों के बीच बिना खाली स्थान के जुड़ा हुआ होना चाहिए
- हेल्वेटिका फ़ॉन्ट में होना चाहिए
- बैग के सामने की तरफ प्रदर्शित स्वास्थ्य चेतावनी में से ही होना चाहिए




**मापन निशान:**

- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- 2 से अधिक सतहों पर प्रकट नहीं हो सकता है

**बार कोड:**

- आयताकार
- काला और सफेद, या पैनटोन 448सी और सफेद
- केवल एक बार ही दिखाई दे सकता है

**अन्य निशान:**

- नाम और पता, विनिर्माण देश, संपर्क नंबर, अक्षरांकीय कोड
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- आकार में 10 प्वाइंट से बड़ा नहीं
- निर्दिष्ट रंगों में
- केवल एक बार ही दिखाई दे सकता है

**ब्रांड और रूपांतर नाम:**

- अधिकतम आकार से बड़ा नहीं, निर्दिष्ट बड़े अक्षरों में
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में

**ध्यान दें:**

पैकेजिंग पर चिपकने वाले लेबल का इस्तेमाल निम्नलिखित प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है:

- ब्रांड और रूपांतर नाम
- चित्रित स्वास्थ्य चेतावनियाँ

चिपकने वाले लेबल की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 21 पर उपलब्ध है।
हस्तलिखित लेबल की अनुमति **नहीं** है।

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयं की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

## शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू बॉक्स – सामने

***निम्नाँकित चित्र शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पादों की सादी पैकेजिंग के लिए संभव विकल्पों को प्रदर्शित करते हैं। परंतु शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पाद पैकेजिंग के अन्य प्रारूप भी हो सकते हैं, जैसेकि बैग, बड़े बॉक्स और वर्ग या अंडाकार टिन या टब।***

**सूचना संदेश:**
- जहाँ आवश्यक हो, वहाँ निर्दिष्ट सतह के कम से कम 50% को कवर करता होना चाहिए
- पीले रंग की पृष्ठभूमि पर काले रंग का टेक्स्ट
- टेक्स्ट आसानी से पढ़ाई में आना चाहिए और निर्दिष्ट आकार, बड़े अक्षरों और भार में होना चाहिए
- बॉक्स के सामने की तरफ प्रदर्शित स्वास्थ्य चेतावनी में से ही होना चाहिए

**चित्र और चेतावनी वक्तव्य:**
- सामने की सतह के कम से कम 75% को कवर करता होना चाहिए
- सामने की सतह के ऊपर और बगल के किनारों तक फैला हुआ होना चाहिए
- दोनों के बीच खाली जगह के बिना जुड़ा हुआ होना चाहिए
- हेल्वेटिका फ़ॉन्ट में होना चाहिए
- मानक के अनुसार बारी-बारी से बदला जाना चाहिए – पृष्ठ 22 देखें




**बॉक्स प्रारूप और सतहें:**
- बाहरी सतह का रंग पैनटोन 448सी (एक बादामी रंग का गहरा भूरा) है
- भीतरी सतह सफेद है, या पैकेजिंग सामग्री का अपनी प्राकृतिक अवस्था में रंग
- मैट्ट फिनिश
- कोई अलंकरण नहीं

**मापन निशान:**
- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- 2 से अधिक सतहों पर प्रकट नहीं हो सकता है

**ब्रांड और रूपांतर नाम:**
- अधिकतम आकार से बड़ा नहीं, निर्दिष्ट बड़े अक्षरों में
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- सामने और पीछे की बाहरी सतहों पर केवल एक ही बार और स्वास्थ्य चेतावनियों के समान अभिविन्यास में (तथा उससे ऊपर नहीं) दिखाई दे सकता है

**ध्यान दें:**

खुदरा पैकेजिंग की **सभी परतों** को सादे पैक में **होना चाहिए** और उन्हें स्वास्थ्य चेतावनियाँ प्रदर्शित **करनी चाहिए।**
- खुदरा पैकेजिंग का **उद्देश्यपूर्वक-निर्माण** किया **जाना चाहिए** जिससे कि वह तम्बाकू सादी पैकेजिंग आवश्यकताओं के अनुवर्ती हो।
- यदि तम्बाकू उत्पाद पहले से ही अनुवर्ती पैकेजिंग में नहीं है, तो इसे गैर-अनुवर्ती पैकेजिंग से बाहर निकाला **जाना चाहिए** और अनुवर्ती पैकेजिंग में फिर से पैक किया **जाना चाहिए**।


इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयं की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।


# शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू बॉक्स – पीछे

**चेतावनी वक्तव्य और व्याख्यात्मक संदेश:**

- पीछे की सतह के कम से कम 75% को कवर करता होना चाहिए
- सामने की सतह के ऊपर और बगल के किनारों तक फैला हुआ होना चाहिए
- दोनों के बीच खाली जगह के बिना जुड़ा हुआ होना चाहिए
- हेल्वेटिका फ़ॉन्ट में होना चाहिए
- बॉक्स के सामने की तरफ प्रदर्शित स्वास्थ्य चेतावनी में से ही होना चाहिए

**न्यूनतम आकार आवश्यकताएँ:**

- पैकेजिंग का सबसे बड़ा आयाम कम से कम 85मिमी होना चाहिए
- दूसरा सबसे बड़ा आयाम कम से कम 55मिमी होना चाहिए




**मापन निशान:**

- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- 2 से अधिक सतहों पर प्रकट नहीं हो सकता है

**बार कोड:**

- आयताकार
- काला और सफेद, या पैनटोन 448सी और सफेद
- केवल एक ही बार दिखाई दे सकता है

**अन्य निशान:**

- नाम और पता, विनिर्माण देश, संपर्क नंबर, अक्षरांकीय कोड
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- आकार में 10 प्वाइंट से बड़ा नहीं
- निर्दिष्ट रंगों में
- केवल एक ही बार दिखाई दे सकते हैं

**ब्रांड और रूपांतर नाम:**

- अधिकतम आकार से बड़ा नहीं, निर्दिष्ट बड़े अक्षरों में
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में

**ध्यान दें:**

पैकेजिंग पर चिपकने वाले लेबल का इस्तेमाल निम्नलिखित प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है:

- ब्रांड और रूपांतर नाम
- चित्रित स्वास्थ्य चेतावनियाँ

चिपकने वाले लेबल की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 21 पर उपलब्ध है।
हस्तलिखित लेबल की अनुमति **नहीं** है।

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयं की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू टिन (बड़ा सिलेंडर) – सामने

*निम्नाँकित चित्र शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पादों की सादी पैकेजिंग के लिए एक संभव विकल्प को प्रदर्शित करता है। परंतु शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पाद पैकेजिंग के अन्य प्रारूप भी हो सकते हैं, जैसेकि बैग, बड़े बॉक्स, टब और वर्ग या अंडाकार टिन।*

**टिन सतहें:**

- बाहरी सतह का रंग पैनटोन 448सी (एक बादामी रंग का गहरा भूरा) है
- भीतरी सतह सफेद है, या पैकेजिंग सामग्री का अपनी प्राकृतिक अवस्था में रंग
- मैट्ट फिनिश
- कोई अलंकरण नहीं

**टिन प्रारूप:**

- बड़े सिलेंडर की ऊँचाई कम से कम 41मिमी है
- छोटे सिलेंडर (ऊँचाई 41मिमी से कम) के उदाहरण के लिए पृष्ठ 7 देखें और विभिन्न आकारों के सिलेंडरों के लिए स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं हेतु मानक देखें

**चेतावनी वक्तव्य और चित्र:**

- सामने की सतह के कम से कम 75% को कवर करता है (जिसको घुमावदार सतह के रूप में परिभाषित किया गया है जोकि सतह पर सबसे बड़े ब्रांड नाम की ऊर्ध्वाधर केंद्र रेखा के प्रत्येक पक्ष में सिलेंडर की परिधि के 1/6 भाग तक फैली हुई है)
- दोनों के बीच खाली जगह के बिना जुड़ा हुआ होना चाहिए
- हेल्वेटिका फ़ॉन्ट में होना चाहिए
- मानक के अनुसार बारी-बारी से बदला जाना चाहिए – पृष्ठ 22 देखें




**अन्य निशान:**

- नाम और पता, विनिर्माण देश, संपर्क नंबर, अक्षरांकीय कोड
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- आकार में 10 प्वाइंट से बड़ा नहीं
- निर्दिष्ट रंगों में
- केवल एक बार ही दिखाई दे सकते हैं

**सूचना संदेश:**
(इस चित्र में दिखाया नहीं गया है)

- सिलेंडर के आधार के कम से कम 50% को कवर करने वाला एक जानकारी संदेश शामिल होना चाहिए

**बार कोड:**

- आयताकार
- काला और सफेद, या पैनटोन 448सी और सफेद
- केवल एक बार ही दिखाई दे सकता है

**ब्रांड और रूपांतर नाम:**

- अधिकतम आकार से बड़ा नहीं, निर्दिष्ट बड़े अक्षरों में
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- सामने और पीछे की बाहरी सतहों पर केवल एक ही बार और स्वास्थ्य चेतावनी के समान अभिविन्यास में (तथा उससे ऊपर नहीं) दिखाई दे सकता है

**मापन निशान:**

- आवश्यक फ़ॉन्ट आकार से बड़ा नहीं
- ल्युसिडा सैंस फ़ॉन्ट में
- पैनटोन कूल ग्रे 2सी में
- 2 से अधिक सतहों पर प्रकट नहीं हो सकता है



इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

**ध्यान दें:**

पैकेजिंग पर चिपकने वाले लेबल का इस्तेमाल निम्नलिखित प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है:

- ब्रांड और रूपांतर नाम
- चित्रित स्वास्थ्य चेतावनियाँ

चिपकने वाले लेबल की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी पृष्ठ 21 पर उपलब्ध है।

हस्तलिखित लेबल की अनुमति **नहीं** है।


**ध्यान दें:**

खुदरा पैकेजिंग की **सभी परतों** को सादे पैक में **होना चाहिए** और उन्हें स्वास्थ्य चेतावनियाँ प्रदर्शित **करनी चाहिए**।

- खुदरा पैकेजिंग का **उद्देश्यपूर्वक-निर्माण** किया **जाना चाहिए** जिससे कि वह तम्बाकू सादी पैकेजिंग आवश्यकताओं के अनुवर्ती हो।
- यदि तम्बाकू उत्पाद पहले से ही अनुवर्ती पैकेजिंग में नहीं है, तो इसे गैर-अनुवर्ती पैकेजिंग से बाहर निकाला **जाना चाहिए** और अनुवर्ती पैकेजिंग में फिर से पैक किया **जाना चाहिए**।

**बड़े सिलेंडर के पीछे स्वास्थ्य चेतावनी:**

- सिलेंडर/टिन के सामने की तरफ प्रदर्शित स्वास्थ्य चेतावनी से ही होनी चाहिए
- पीछे की सतह के कम से कम 75% को कवर करती है (वह घुमावदार सतह जो सामने की सतह के ठीक पीछे खड़ी केंद्र रेखा के दोनों ओर सिलेंडर की परिधि के 1/6 अंश तक फैली हुई है)
- इस लेआउट का उपयोग करते हुए एक चेतावनी वक्तव्य, चित्र और व्याख्यात्मक संदेश शामिल करती है:



# महत्वपूर्ण टिप्पणियाँ

## शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पाद पैकेजिंग

शीशा/वॉटरपाइप उत्पादों को, जिनमें **कोई भी** तम्बाकू मौजूद हो, उन्हें बिक्री के लिए प्रस्तुत करते समय, बेचे जाते समय या अन्यथा आपूर्ति करते समय **अनिवार्यत: सादी पैकेजिंग में पैक किया जाना चाहिए** और स्वास्थ्य चेतावनियाँ प्रदर्शित की जानी चाहिए। तम्बाकूरहित फल या हर्बल-आधारित उत्पादों को सादी पैकेजिंग में होना आवश्यक नहीं है।

**थोड़े से** भी तम्बाकू से युक्त शीशा/वॉटरपाइप उत्पाद जो गैर-अनुवर्ती पैकेजिंग में हैं, उन्हें ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने, बेचने के लिए प्रस्तुत किए जाने या अन्यथा आपूर्ति किए जाने (चाहे थोक में या खुदरा बिक्री) से **पहले** अनुवर्ती खुदरा पैकेजिंग में **फिर से पैक किए जाने की ज़रूरत** होगी। खुदरा पैकेजिंग का **उद्देश्यपूर्वक-निर्माण** किया जाना चाहिए जिससे कि वह तम्बाकू सादी पैकेजिंग आवश्यकताओं के अनुवर्ती हो। यदि तम्बाकू उत्पाद पहले से ही अनुवर्ती पैकेजिंग में नहीं है, तो इसे पहले गैर-अनुवर्ती पैकेजिंग से बाहर निकाला जाना चाहिए और अनुवर्ती पैकेजिंग में फिर से पैक किया जाना चाहिए।

तम्बाकू उत्पाद खुदरा पैकेजिंग की सभी परतों को **सादी पैकेजिंग में पैक किया जाना चाहिए** और स्वास्थ्य चेतावनियाँ प्रदर्शित करनी चाहिए।

अनुवर्ती पन्नी पैकेजिंग को एक अन्य अनुवर्ती कंटेनर में रखा जा सकता है, जैसेकि एक बॉक्स, बैग, टिन या टब। एक स्वास्थ्य चेतावनी (मानक के अनुसार) पन्नी पैकेज पर और ऐसे किसी भी कंटेनर पर **होनी चाहिए** जिसमें पन्नी पैकेज को खुदरा बिक्री के लिए रखा गया है। सिगार बैगों का इस्तेमाल **नहीं** किया जा सकता है क्योंकि इन बैगों के लिए आवश्यक स्वास्थ्य चेतावनियाँ सिगारों के लिए विशिष्ट चेतावनियाँ होती हैं।

शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पादों को एक धूम्रपान डिवाइस में पूर्व-पैक करके उपभोक्ता को **नहीं** दिया जा सकता है। मानक के अनुसार यह आवश्यक है कि खुदरा बिक्री के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने वाले सभी तम्बाकू उत्पादों को **खरीदार को दिए जाते समय खुदरा पैकेजिंग में होना चाहिए**, जिससे कि जब उपभोक्ता सामग्री ले रहा हो, तब स्वास्थ्य चेतावनियाँ उसके सामने प्रदर्शित हों।

## अन्य शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पाद पैकेजिंग प्रारूप जो इस पुस्तिका में प्रदर्शित नहीं किए गए हैं

इस पुस्तिका में दर्शाए गए चित्र शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पादों की सादी पैकेजिंग के लिए संभव विकल्पों को प्रदर्शित करते हैं।

परंतु शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू उत्पाद पैकेजिंग के लिए अन्य प्रारूप हो सकते हैं, जैसेकि बैग, बड़े बॉक्स, अलग आकृति और आकार के टब और टिन।

यदि ये प्रारूप अधिनियम, विनियम और मानक की आवश्यकताओं का पालन करते हैं, तो इनकी अनुमति दी जाती है।

स्वास्थ्य चेतावनी की आवश्यकताएँ और लेआउट आकार पैकेजिंग के प्रकार के आधार पर भिन्न-भिन्न हो सकते हैं। आपको यह सुनिश्चित करने के लिए मानक देखना चाहिए कि स्वास्थ्य चेतावनियाँ अनुवर्ती हैं।


इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

## गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पाद खुदरा पैकेजिंग पर चिपकने वाले लेबल का उपयोग

यदि स्पष्ट रूप से विनियम में अनुमति न दी गई हो, तो अधिनियम सभी इन्सर्ट और ऑन्सर्ट पर प्रतिबंध लगाता है। विनियम **गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पाद खुदरा पैकेजिंग** पर चिपकने वाले लेबल के उपयोग की अनुमति सीमित परिस्थितियों में देता है:

1. गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पादों की खुदरा पैकेजिंग के ब्रांड, व्यापार, कंपनी और रूपांतर नामों (नाम) (नियम 2.4.2, 2.4.3 और 2.4.4); तथा
2. चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताएँ (विनियमन 2.6.1 और मानक के अनुरूप)।

इन स्थितियों में चिपकने वाले लेबल का उपयोग ऑस्ट्रेलिया में बेचे जाने वाले गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पादों के निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं को ऐसी पैकेजिंग का प्रयोग करने की अनुमति देता है जोकि ब्रांड/रूपांतर-विशिष्ट नहीं है और वे बाद में एक चिपकने वाले लेबल के माध्यम से ब्रांड और रूपांतर के विवरण और चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं को प्रदर्शित कर सकते हैं।

चिपकने वाला लेबल मजबूती के साथ पैकेजिंग से चिपकाया **जाना चाहिए** जिससे कि इसे आसानी से हटाया **न** जा सके। किसी चिपकने वाले लेबल को आसानी से हटाए जाने योग्य तब माना जाता है जब खुदरा पैकेजिंग के जीवनकाल के दौरान इसके चिपके हुए न रहने की संभावना हो; या इसे लेबल या खुदरा पैकेजिंग को नुकसान पहुँचाए बिना आसानी से हटाया जा सके।

### 1. ब्रांड, व्यापार, कंपनी और रूपांतर नाम

विनियम गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पादों की खुदरा पैकेजिंग पर नामों के लिए चिपकने वाले लेबल के उपयोग हेतु विनिर्देश बंधेज करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- लेबल की आवश्यकताएँ (विनियमन 2.4.2):
    - पैनटोन 448सी रंग में (एक बादामी गहरा भूरा रंग),
    - यथोचित आवश्यकता से बड़ा नहीं, और
    - नामों के लिए टाइपफेस और आकार आवश्यकताएँ *(ध्यान दें कि हाथ से लिखे गए लेबलों की अनुमति नहीं है);*
- सिगार ट्यूबों पर नामों के लिए अनुमत स्थान और अभिविन्यास (विनियमन 2.4.3); और
- अन्य गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पादों की खुदरा पैकेजिंग पर नामों के लिए अनुमत स्थान और अभिविन्यास (विनियमन 2.4.4)।

चिपकने वाले लेबलों को किसी भी प्रासंगिक विधायी आवश्यकताओं को अस्पष्ट नहीं करना चाहिए।

**ध्यान दें:**

विनियमन 2.3.5 इस बात की अनुमति देता है कि प्राथमिक पैकेजिंग के एक से अधिक आइटमों को कवर करने वाले आवरणों पर बार कोड को एक चिपकने वाले लेबल पर मुद्रित किया जा सकता है, जिसे आवरण पर मजबूती से चिपकाया जा सके और इसे आसानी से हटाया न जा सके (यह सिगरेट और गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पाद पैकेजिंग, दोनों के लिए लागू होता है)।

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयं की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

## 2. चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताएँ

*प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता (तम्बाकू) सूचना मानक 2011* (मानक) के तहत यह आवश्यक है कि सभी तम्बाकू उत्पाद खुदरा पैकेजिंग पर स्वास्थ्य चेतावनियाँ प्रदर्शित की जाएँ। मानक इस बात की अनुमति देता है कि स्वास्थ्य चेतावनियों को गैर-सिगरेट तम्बाकू उत्पादों की खुदरा पैकेजिंग पर चिपकाए जाने वाले लेबल पर मुद्रित किया जाए।

यह सुनिश्चित करना निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शित करने के लिए चिपकने वाले लेबलों का उपयोग मानक के अनुरूप है।

## स्वास्थ्य चेतावनियों को बारी-बारी से बदलना

तम्बाकू उत्पादों पर दी जाने वाली स्वास्थ्य चेतावनियों को बारी-बारी से बदलने की आवश्यकता होती है जिससे कि स्वास्थ्य पर धूम्रपान के पड़ने वाले प्रभावों के बारे में उपभोक्ता शिक्षा और जागरुकता को अधिक से अधिक उपयोगी बनाया जा सके।

धूम्रपान किए जाने वाले सभी तम्बाकू उत्पादों (सिगार और बीड़ी के अलावा) की सभी प्रकार की खुदरा पैकेजिंग पर प्रदर्शित स्वास्थ्य चेतावनियों को सात चेतावनियों के दो समूहों में हरेक 12 महीनों की अवधि में बारी-बारी से बदला जाना आवश्यक है, जैसाकि मानक में निर्दिष्ट किया गया है। इसमें खुली पत्तियों का तम्बाकू (रोल-यॉर-ओन तम्बाकू व पाइप तम्बाकू) और शीशा/वॉटरपाइप तम्बाकू शामिल है।

इसके अतिरिक्त, चाहे किसी भी प्रकार का तम्बाकू उत्पाद क्यों न हो, सभी स्वास्थ्य चेतावनियों को बारी-बारी से बदल कर प्रदर्शित किया जाना चाहिए जिससे कि जहाँ तक सँभव हो सके, प्रत्येक चेतावनी सभी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों पर बराबर संख्या में दिखाई दे। यदि तम्बाकू उत्पादों को अलग-अलग ब्रांड नाम या रूपांतर नाम के तहत बेचा जाता है, तो वे अलग-अलग प्रकार के होते हैं।

स्वास्थ्य चेतावनियों को बारी-बारी से बदलने का दायित्व आयातकों और निर्माताओं पर होता है। परंतु मानक की उपधारा 1.3(1) में निर्माता का अर्थ 'किसी तम्बाकू उत्पाद को खुदरा पैकेजिंग में रखने वाला व्यक्ति' है।

इसलिए खुदरा व्यापारी/व्यक्ति मानक के तहत स्वास्थ्य चेतावनियों को बारी-बारी से बदलने के लिए जिम्मेदार होता है, यदि वह:

- खुदरा पैकेजिंग में केवल एक ही सिगार रखता है; या
- किसी तम्बाकू उत्पाद को खुदरा पैकेजिंग में फिर से पैक करता है, जिससे कि वह सादी पैकेजिंग और/या स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के अनुवर्ती बन सके।

स्वास्थ्य चेतावनी को बारी-बारी से बदलने की आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी वेबसाइट www.productsafety.gov.au पर उपलब्ध है।



इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

# और अधिक जानकारी

तम्बाकू सादी पैकेजिंग आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी वेबसाइट www.health.gov.au/tobaccopp पर उपलब्ध है।

स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी वेबसाइट www.productsafety.gov.au पर उपलब्ध है। स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के लिए एक आपूर्तिकर्ता निर्देशिका, *आपूर्तिकर्ता निर्देशिका उत्पाद सुरक्षा: तम्बाकू उत्पाद स्वास्थ्य चेतावनियाँ*, वेबसाइट http://www.productsafety.gov.au/content/index.phtml/itemId/995029 पर उपलब्ध है।

मापन अंकन आवश्यकताओं के बारे में और अधिक जानकारी वेबसाइट http://www.measurement.gov.au/TradeMeasurement/Business/Pages/Pre-packagedGoods.aspx पर उपलब्ध है।

यदि आप तम्बाकू सादी पैकेजिंग या स्वास्थ्य चेतावनी कानून के तहत अपने दायित्वों के बारे में अनिश्चित हैं, या आपको आवश्यकताओं को समझने में कठिनाई हो रही हो, तो आपको खुद से स्वतंत्र सलाह लेनी चाहिए।

**ध्यान दें: यह केवल एक निर्देशिका है। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग आवश्यकताओं या चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं की संपूर्ण सूची नहीं है।**

**संपूर्ण तम्बाकू सादी पैकेजिंग और चित्रित स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के लिए आपको विधान देखना चाहिए।**

**विधान के लिए लिंक पृष्ठ 3 पर प्रदान किए गए हैं।**

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

**www.health.gov.au/tobaccopp**

इस दस्तावेज़ का प्रयोग केवल एक निर्देशिका के रूप में किया जाना चाहिए और इस पर कानूनी सलाह के एक स्रोत के रूप में भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। यह तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं का एक सम्पूर्ण सारांश नहीं है। आपको तम्बाकू सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताओं के संबंध में अपनी स्वयँ की पेशेवर और कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए। इस प्रकाशन में निहित सभी जानकारी सितंबर 2014 तक सही है।

10732 SEP 2014